GRADE- IX SUBJECT - HINDI

UNIT TEST I MM-20

नोट - सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है। (2)

प्रश्न 1- शब्दार्थ लिखिए ।

ओछी थोरे

प्रश्न 2- "वर्षा के अनंतर एक - दो दिन में ही पृथ्वी के ऊपर का पानी तो अगोचर हो जाता है , परंतु भीतर ही भीतर उसकी आद्रता जैसे बहुत दिन तक बनी रहती है, वैसे ही उसके अंतस्तल में वह अशोक जाकर बस गया था ।" (2)

- उसके शब्द का प्रयोग किसके लिए किया गया है? उसकी मनोदशा पर प्रकाश डालिए ।
- काकी कहानी के उद्देश्य पर प्रकाश डालिए ।

प्रश्न 3- कमरी थोरे दाम की , बहुत आवै काम । (2)

खासा मलमल वाफ्ता, उनकर राखे मान ॥

उन कर राखै मान, बंद जह आड़े आवै ।

बकूचा बांधे मोट, राति को झारी बिछावे ॥

गिरिधर कविराय' , मिलत है थोरे दमरी

सब दिन राखे साथ, बड़ी मर्यादा कमरी ॥

- छोटी सी कमरी हमारे किस - किस काम आ सकती है?
- गिरधर कविराय के अनुसार कमरी में कौन - कौन सी विशेषताएं होती है?

प्रश्न 4- आपने नया कंप्यूटर खरीदा है, किंतु खरीदने के 1 महीने बाद ही उसमें खराबी आ गई। आपकी शिकायत पर दुकानदार ने कोई ध्यान नहीं दिया कंपनी के मुख्य मैनेजर को पत्र लिखकर घटना की जानकारी देते हुए उनसे अनुरोध कीजिए कि वे आपके साथ न्याय करें । (4)

प्रश्न 5– निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए । (5)

क. निम्नलिखित शब्दों से विशेषण बनाइए

उद्योग , पूजा

ख. निम्नलिखित शब्दों में से किसी एक शब्द के दो–दो पर्यायवाची शब्द लिखिए।

अग्नि , आकाश

ग. विपरीतार्थक शब्द लिखिए।

यश , क्रय

घ. किसी एक मुहावरे का अर्थ सहित वाक्य बनाइए।

हाथ पैर मारना , नौ दो ग्यारह होना

ed From www.icse

ड. दिए गए वाक्यों में निर्देशानुसार परिवर्तन कीजिए -

1. वे हमारी सहायता करेंगे(भूतकाल में बदलिए)
2. उन्होंने छोटू का कभी अपमान नहीं किया ('नहीं' हटाइए)
3. लड़का धीमी आवाज में मुझसे बोला ('ने 'का प्रयोग कीजिए
4. अध्यापक जी कविता पढ़ा रहे है। ('द्वारा ' का प्रयोग कीजिए)

प्रश्न 6– नीचे दिए गए चित्र को ध्यान से देखें और चित्र को आधार बनाकर 250 शब्दों में वर्णन कीजिए अथवा कहानी लिखिए , जिसका सीधा और स्पष्ट संबंध चित्र से होना चाहिए। (5)

ed From www.icse